भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
'एक मिनी रत्न कंपनी'
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सम्पर्क विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद - 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष/फैक्स: 0326-2230202
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल: hodpr.bccl@coalindia.in
सीआईएन: U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand)
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb..in
email: hodpr.bccl@coalindia.in
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक -21.06.2021

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.06.2021को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर बीसीसीएल सामुदायिक भवन, कोयला नगर स्थित अन्नपूर्णा सभागार में कार्यक्रम-सह-योग शिविर का आयोजन किया गया। कोविड-19 नियमों को पालन करते हुए एवं उचिक शारीरिक दूरी का ध्यान रखते हुए कार्यक्रम में कंपनी के अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री चंचल गोस्वामीअपनीधर्मपत्नी श्रीमती संगीता गोस्वामी, निदेशक (वित्त)श्री समीरन दत्ताअपनी धर्मपत्नी श्रीमती मिली दत्ताऔर निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआरएम राव अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कमला राव का साथ उपस्थित हुए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक (तकनीकी/संचालन)श्री गोस्वामी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट योग अवश्य करना चाहिये। योग-व्यायाम करने से शारीरिक और मानसिक दोनों ही प्रकार का स्वास्थ्य लाभ होता है। इससे हमें तनाव मुक्त होने में मदद मिलती है तथाव्यक्तिउर्जावान रहता है। भारत में योगकी समृद्ध परंपरा का ही परिणाम है कि हमारा समाज,देशकोविड-19 जैसी महामारी से सफलतापूर्वकमुकाबला करने मे सक्षम हुआ है। निदेशक (वित्त) श्री समीरन दत्ता ने कहा की योग से ही निरोग रहा जा सकता है। योगमान,शरीर और आत्मा कीएकाग्रतास्थापित करने में सहायता करता है।निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआरएम राव ने अपने संबोधन में कहा कियोग के महत्व को स्वीकारते हुए विश्वभर में हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दैनिक जीवन में योग करने से

हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और योग हमारे तनावपूर्ण जीवन में भी अत्यंत राहत प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिदिन योग अभ्यास करने की शपथ भी ली।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (का. /औ. स.) श्री एस. एन. सिन्हा, उप महाप्रबंधक(प्रशासन/जनसंपर्क) श्रीसुनील कुमार तथा मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

उप महाप्रबंधक(प्रशासन/जनसंपर्क)